मध्यप्रदेश विधान सभा

जनवरी-मार्च, 2001 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 15 जनवरी, 2001 (पौष 25, 1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन का उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्रीमती संयोगिता देवी देशमुख, सदस्य विधान सभा,
(2) श्री जे.एच.पटेल, कर्नाटक के भूतपूर्व मुख्यमंत्री,
(3) डॉ. सुशीला नायर, भूतपूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री,
(4) श्री भवानी लाल वर्मा, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(5) श्री सम्पत सिंह भण्डारी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा, तथा
(6) श्री जवान सिंह पटेल, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा.

2. प्रश्नोत्तर

पृथक्तः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. अक्टूबर-दिसम्बर, 2000 सत्र निर्धारित अवधि से पूर्व स्थगित हो जाने के फलस्वरूप शेष दिनांकों के प्रश्नोत्तरों का संकलन तथा इसी सत्र के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना.

4. नियम 267-क के अधीन अक्टूबर-दिसम्बर, 2000 सत्र में सदन में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

5. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना.

6. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण.

(1) श्री बाबूलाल गौर, सदस्य, इंदौर स्थित रुचि सोया इन्डस्ट्रीज में अग्निकाण्ड से श्रमिकों की मौत होने की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री लक्ष्मीकांत शर्मा, प्रभाकर सिंह, सदस्य, बाणसागर परियोजना की मुख्य नहर के क्षतिग्रस्त होने से उत्पन्न स्थिति की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

7. सभापति तालिका की घोषणा.

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 13 जनवरी, 2001